भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
27.11.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1561 का उत्तर

इंटरसिटी ट्रेन

1561. श्री बसंत कुमार पांडाः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जूनागढ़ से विशाखापटनम तक इंटरसिटी ट्रेन चलाने को स्वीकृति देने का एक विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि नयापाटा रोड और सपरा रोड पर किसी एक्सप्रेस ट्रेन का कोई ठहराव नहीं है जबकि नयापारा रोड जिला मुख्यालय का रेलवे स्टेशन है;
(घ) यदि हां, तो क्या इनमें से किसी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों को ठहराव देने की स्वीकृति दी गई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्‍योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): (क) जी नहीं।
(ख): प्रश्न नहीं उठता।
(ग) से (ड.): जी नहीं। इस समय, नवपाडा रोड और रुपरा रोड स्टेशन क्रमशः 4 जोड़ी और 7 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों से सेवित हो रहा है। ये सेवाएं इन स्टेशनों पर क्रमशः 3 जोड़ी और 4 जोड़ी पैसेंजर गाड़ी सेवाओं के अतिरिक्त है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था करना एक सतत् प्रक्रिया है।

******